# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।
वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांकः–परीक्षा / 206 /2026–27 दिनांकः 16 सितम्बर, 2026

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 70/उ0 अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 09 अप्रैल, 2025 में विभिन्न विभागों के अंतर्गत विज्ञापित स्नातक स्तरीय अर्हता के कुल 416 पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 14 जून, 2026 को आयोजित की गयी। उक्त लिखित परीक्षा व अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दिये गये पदों हेतु आवेदन के आधार पर पदनाम राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी) एवं राजस्व उपनिरीक्षक (लेखपाल) के पदों हेतु शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक 06 अगस्त, 2026 एवं 07 अगस्त, 2026 को किया गया।

उपरोक्त लिखित प्रतियोगी परीक्षा तथा शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा के आधार पर आयोग के पत्रांक–166/गोपन/2026–2027 दिनांक 03 सितम्बर, 2026 के द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत विज्ञापित स्नातक स्तरीय अर्हता के पदों हेतु निर्धारित अनुपात में अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। उपरोक्त औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की सन्निरीक्षा निम्नांकित तिथि को **Serial Number (S.No.)** के अनुसार आयोग कार्यालय में की जायेगी।

:: अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित कार्यक्रम ::

| क्र.स. | अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि | |
|---|---|---|
| | औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची का Serial Number (S.No.) | अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि |
| 1 | 1–50 | 22 सितम्बर, 2026(मंगलवार) |
| 2 | 51–100 | 23 सितम्बर, 2026 (बुधवार) |
| 3 | 101–150 | 24 सितम्बर, 2026 (गुरुवार) |
| 4 | 151–200 | 25 सितम्बर, 2026 (शुक्रवार) |
| 5 | 201–250 | 28 सितम्बर, 2026 (सोमवार) |
| 6 | 251–300 | 29 सितम्बर, 2026 (मंगलवार) |
| 7 | 301–350 | 30 सितम्बर, 2026 (बुधवार) |
| 8 | 351–400 | 1 अक्टूबर, 2026 (गुरुवार) |
| 9 | 401–450 | 5 अक्टूबर, 2026 (सोमवार) |
| 10 | 451–500 | 6 अक्टूबर, 2026 (मंगलवार) |
| 11 | 501–550 | 7 अक्टूबर, 2026 (बुधवार) |
| 12 | 551–600 | 8 अक्टूबर, 2026 (गुरुवार) |
| 13 | 601–650 | 9 अक्टूबर, 2026 (शुक्रवार) |
| 14 | 651–668 | 12 अक्टूबर, 2026 (सोमवार) |

अवगत कराना है कि उक्त पदों में से सहायक समीक्षा अधिकारी (राज्यपाल सचिवालय) व वैयक्तिक सहायक (उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग) के पदों हेतु श्रेष्ठता एवं वरीयता के आधार पर कम्प्यूटर टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा आयोजित की जानी है, जिसकी तिथि पृथक से निर्धारित की जाएगी। अन्तिम चयन परिणाम अभ्यर्थियों के ऑनलईन आवेदन–पत्र में किये गये दावों के अनुसार आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि को अभिलेखों की सन्निरीक्षा के पश्चात अर्ह अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों की श्रेष्ठता एवं पदों की वरीयता के आधार पर श्रेणी/उपश्रेणीवार उपलब्ध पदों के सापेक्ष घोषित किया जायेगा।

अतः औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :-

1. जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभिलेखों की सन्निरीक्षा की नियत तिथि को अभ्यर्थी अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन पत्र में शैक्षिक अर्हता व अन्य प्रमाण पत्र अंकित किए गये, की स्वप्रमाणित दो-दो प्रतियाँ (अलग-अलग) **व 06 पास-पोर्ट आकार की फोटोग्राफ** के साथ **निर्धारित तिथि को प्रातः 9.30 बजे आयोग कार्यालय** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
2. **अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाईन वरीयता** (Preference) **भरना अनिवार्य है। ऑनलाईन विकल्प भरने हेतु यूजर आई0डी0-अभ्यर्थी का अनुक्रमांक एवं पासवर्ड-जन्म तिथि होगी। ऑनलाईन भरे गये विकल्पों को सबमिट करने के बाद दो प्रतियो में प्रिन्ट निकालना है। जिसकी प्रतिलिपि हस्ताक्षर सहित अपनी अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को आयोग को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। विकल्प/वरीयता एक बार सबमिट होने के बाद किसी भी दशा में संशोधित/परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा।** अभ्यर्थी **आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in** में जाकर दिए गये **लिंक (Link)** के माध्यम से **अपनी वरीयता** (Preference) **भर** सकते हैं।
3. अभिलेख सन्निरीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी आयोग कार्यालय में ली जाएगी, अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन/उपस्थिति करवाना भी अनिवार्य है।
4. ध्यान दें कि शैक्षिक योग्यता के अन्तर्गत **अभ्यर्थी का शैक्षिक योग्यता से संबंधित अंक तालिकायें, प्रमाण पत्र एवं स्थाई निवास आदि संबंधी प्रमाण पत्रों के मूल अभिलेखों सहित नियत तिथि को उपस्थित होना अनिवार्य है।**
5. **आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक का निर्धारित प्रारूप पर वैध प्रमाण पत्र, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो,** को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. **सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी को अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को ऑनलाईन आवदेन की अंतिम तिथि तक का सेवायोजक को अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु प्रार्थना पत्र तथा अभिलेख सन्निरीक्षा के समय सेवायोजक द्वारा जारी विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
7. **उप श्रेणी के अन्तर्गत भूतपूर्व सैनिक (Ex-Serviceman)** का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को इस संबंध में शपथ पत्र (मूल रूप में एवं उसकी छायाप्रति) प्रस्तुत करना होगा, कि उनके द्वारा इससे पूर्व **भूतपूर्व सैनिक** (Ex-Serviceman) कोटे का लाभ नहीं लिया गया है। साथ ही जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय पंजीकरण प्रमाण-पत्र विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक वैद्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. उप श्रेणी के अन्तर्गत राज्य आन्दोलनकारी या उनके आश्रित (RA) का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को इस संबंध में शपथ पत्र (मूल रूप में एवं उसकी छायाप्रति) प्रस्तुत करना होगा, कि इससे पूर्व उनके द्वारा राज्य आन्दोलनकारी या उनके आश्रित (RA) द्वारा इस आरक्षण का लाभ नहीं लिया गया है।
9. अभ्यर्थी के नाम/पिता के नाम में विभिन्न प्रमाण पत्रों में भिन्नता होने की दशा में उक्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल रूप में एवं उसकी छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
10. किसी भी श्रेणी में आरक्षण का लाभ लेने वाले उत्तराखण्ड राज्य की महिला अभ्यर्थी जिनका विवाह हो चुका हो, को सम्बन्धित जाति का पैतृक आधार (न कि पति पक्ष की ओर से )पर जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित श्रेणी/जाति में चयन हेतु विचार नहीं किया जाएगा।
11. अभिलेखों की सन्निरीक्षा **हेतु निर्धारित प्रारूप (चैकलिस्ट)** एवं **अभिलेख सन्निरीक्षा में उपस्थिति हेतु औपबन्धिक प्रवेश पत्र** संलग्न है। अभ्यर्थी उक्त प्रारूपों पर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण दो-दो प्रतियों (अलग-अलग) में स्वप्रमाणित (Self Attested) तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे।
12. **अभिलेखों की सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य है तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। पृथक से किसी दशा में अभ्यर्थी को सन्निरीक्षा हेतु कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी। अभ्यर्थियों को अभिलेख सन्निरीक्षा की सूचना इसके अतिरिक्त पृथक से प्रेषित नहीं की जाएगी। अभिलेख सन्निरीक्षा में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।**
13. यदि सन्निरीक्षा की निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावे के अनुसार सही अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो इसके लिए पृथक से कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों का अन्तिम चयन परिणाम हेतु विचार नहीं किया जायेगा।
14. आयोग परिसर में मोबाईल फोन, कैमरा तथा अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

(एन0एस0 डुंगरियाल)
सचिव

चैक–लिस्ट

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

पासपोर्ट आकार का फोटो

चिपकायें।

1–आवेदन पत्र संख्या–
2–आवेदित पद का नाम–
3–अनुक्रमांक–
4–अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)–
5–अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी में)–
6–पिता का नाम–
7–माता का नाम–
8–जन्मतिथि–
9. आयु (दिनांक 01 जुलाई, 2025 को)–
10–लिंग (पुरूष/महिला)–
11–श्रेणी–
12–उपश्रेणी–

**अभिलेख सन्निरीक्षा (Scrutiny) हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले शैक्षिक आर्हता, अधिमानी अर्हता एवं आरक्षण संबंधी अभिलेखों के संलग्नकों का विवरण**

| क्र0 सं0 | संलग्नक/अभिलेख का विवरण | अंक पत्र, प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र का क्रमांक | जारी होने की तिथि | वैधता तिथि | संलग्न हां/नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल की अंक तालिका | | | | |
| 2 | हाई स्कूल का प्रमाण पत्र (जिस राज्य स्थित संस्था से किया हो, उस राज्य/संस्था का नाम) | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट की अंक तालिका | | | | |
| 4 | इण्टरमीडिएट का प्रमाण पत्र (जिस राज्य स्थित संस्था से किया हो, उस राज्य/संस्था का नाम) | | | | |
| 5 | स्नातक अंतिम वर्ष की अंक तालिका | | | | |
| 6 | स्नातक की उपाधि/डिग्री का विवरण | | | | |
| 7 | किसी मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा या डोयक (DOACC) सोसाइटी द्वारा प्रदत्त 'ओ' स्तर का प्रमाण पत्र। | | | | |
| 8 | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था/विश्वविद्यालय से 01 वर्षीय कम्प्यूटर पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र। | | | | |
| 9 | किसी सरकारी संगठन में या मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संगठन में प्रशासनिक कार्य का 1 वर्ष का अनुभव। | | | | |
| 10 | कम्प्यूटर संचालन में न्यूनतम CCC (सी0सी0सी0) का प्रमाण पत्र। | | | | |

ह0.................................................

| क्र0 सं0 | संलग्नक/अभिलेख का विवरण | अंक पत्र, प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र का क्रमांक | जारी होने की तिथि | वैधता तिथि | संलग्न हां/नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | हिन्दी–अंग्रेजी भाषा पढ़ने, लिखने और बात करने की पूर्ण क्षमता रखता हो और सूचना प्रोद्योगिकी व कम्प्यूटर का ज्ञान का विवरण। | | | | |
| 12 | अधिमानी अर्हताः–(जो लागू हो उसका विवरण अंकित करें।)<br>1–प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा कीहो, | | | | |
| | 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" अथवा "सी"प्रमाण –पत्र, | | | | |
| | 3–किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सामाजिक विज्ञान या सामाजिक प्रविधि में डिप्लोमा। | | | | |
| 13 | स्थाई निवास/मूल निवास प्रमाण पत्र | | | | |
| 14 | सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र | | | | |
| 15 | सेवारत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र | | | | |
| 16 | आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी का प्रमाण पत्र (जो लागू हो उसका विवरण अंकित करें।) | | | | |
| | 1–अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र– | | | | |
| | 2–अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र– | | | | |
| | 3–अन्य पिछड़ी वर्ग प्रमाण पत्र– | | | | |
| | 4–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र– | | | | |
| 17 | आरक्षण से सम्बन्धित उप–श्रेणी का प्रमाण पत्र (जो लागू हो, उसका विवरण अंकित करें।)<br>1–उत्तराखण्ड की महिला (आरक्षित श्रेणी)– | | | | |
| | 2–स्वतंत्रता संग्राम सैनानी के आश्रित से सम्बन्धित प्रमाण पत्र– | | | | |
| | 3–भूतपूर्व सैनिक (Ex-Serviceman) से सम्बन्धित प्रमाणपत्र– | | | | |
| | 4–अनाथ (ORPHAN) श्रेणी से सम्बन्धित प्रमाण पत्र– | | | | |
| | 5–उत्तराखण्ड कुशल खिलाड़ी (SP) का प्रमाण पत्र– | | | | |
| | 6–उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारी (RA) या उनके आश्रित से सम्बन्धित प्रमाण पत्र– | | | | |
| | 7–दिव्यांग श्रेणी से सम्बन्धित प्रमाण पत्र– | | | | |

ह0...............................................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | पहचान–पत्र (जो लागू हो)<br>आधारकार्ड/पैन कार्ड विवरण | | | | |
| 19 | अन्य विवरण– | | | | |

नोटः–

1. अभ्यर्थी सन्निरीक्षा (Scrutiny) के समय चयनित पद हेतु जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक योग्यता व अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) व पास पोर्ट आकार की फोटो लेकर उपस्थित होंगे। (अर्हता व आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र भरने की अन्तिम तिथि 15 मई, 2025 तक अवश्य धारित करते हो)
2. अभ्यर्थी उक्त प्रारूप पर समस्त विवरण भरकर सन्निरीक्षा (Scrutiny) की तिथि को उक्त प्रपत्र को क्रमानुसार सन्निरीक्षा (Scrutiny) के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।
3. मूल अभिलेख प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

स्थानः– हस्ताक्षरः–

अभिलेख सन्निरीक्षा की दिनांक :– अभ्यर्थी का नामः–

संलग्नकों की संख्या– मो0नं0–

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

## –अभिलेख सन्निरीक्षा में उपस्थिति हेतु औपबंधिक प्रवेश पत्र–

1. चयनित पद का नामः–
2. पद कोडः–
3. अभ्यर्थी का नामः–
4. पिता का नामः–
5. लिखित परीक्षा का अनुक्रमांकः–
6. टंकण क्रमांक( यदि लागू हो तो ):–
7. चयनित श्रेष्ठता सूची का क्रमांकः–
8. अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथिः–

पासपोर्ट आकार
की स्वप्रमाणित
फोटो

दिनांकः–

स्थानः–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षरः–

अभ्यर्थी का नामः–

पताः–

मो0न0–